राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा, जोधपुर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी दिनांक 9/11/2015 में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर की भागीदारी

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वाधान में ''राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान" परियोजना के सहयोग (Collaboration) से राजकीय उच्च-माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा जोधपुर में दिनांक 19 नवम्बर 2015 को कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिये, (For grooming scientists of 9th to 12th class students) एक दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी (Science Exhibition) का आयोजन किया गया जिसमें 53 विद्यालयों के 182 विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस प्रदर्शनी में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर की ओर से श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. प्रभागाध्यक्ष, कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग एवं डॉ. बिलास सिंह, वैज्ञानिक-बी ने भाग लिया ।

इस विज्ञान प्रदर्शनी में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) की, कृषि वानिकी एवं चारागाह विकास (Agroforestry and Pasture development), टिब्बा स्थिरीकरण (Sand dune stabilization), अवक्रमित पहाड़ियों, नमक प्रभावित बंजर भूमि एवं जल भराव क्षेत्र इत्यादि का पुनर्वास (Restoration of degraded hills, salt affected lands and waterlogged areas etc,), जल संरक्षण एवं प्रबन्धन, कार्बन सीक्वेस्ट्रेश्न (Carbon sequestration), अकाष्ठ वनोपज (NTFP; Non-Timber Forest Produce), इत्यादि विषयों से संबंधित, अनुसंधान उपलब्धियों, विकसित तकनीकों एवं गतिविधियों को पोस्टर इत्यादि के माध्यम से प्रदर्शित किया गया ।

प्रदर्शनी में संस्थान (आफरी) की प्रायोगिक पौधशाला द्वारा तैयार किये गये खेजड़ी, रोहिड़ा, जाल, शीशम, कुमट, अमलतास, नीम इत्यादि पौधों का प्रदर्शन भी किया गया ।

श्री चौधरी ने इस अवसर पर वृक्षों की महत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता लाने संबंधी संबोधन भी दिया । डॉ. बिलास सिंह ने भी अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि विज्ञान एक सतत प्रक्रिया है इसमें परिष्कृतीकरण (Refinement) जारी रहना चाहिये ।

राजकीय (सीनियर) उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा एवम
राजकीय उ.मा.वि. चैनपुरा,जोधपुर

INSTITUTE (AFRI), JODHPUR
विभिन्न शोध प्रभाग